# ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय

कामेश्वरनगर, दरभंगा–846004

पत्रांकः ए0ना0क0–1216/22 दिनांक 30/08/2022

सेवा में,

**प्रधानाचार्य / प्रधानाचार्या,**

सभी अंगीभूत एवं संबद्ध महाविद्यालय,

ल० ना० मिथिला विश्वविद्यालय, दरभंगा।

**विषयः– स्नातक प्रथम खण्ड कला, विज्ञान एवं वाणिज्य (प्रतिष्ठा / सामान्य) सत्र 2022–25 में नामांकन हेतु प्रकाशित प्रथम चयन सूची से नामांकन संबंधित दिशा–निर्देश।**

**महाशय / महाशया,**

उपर्युक्त विषय के संबंध में सूचित करना है कि स्नातक प्रथम खण्ड कला, विज्ञान एवं वाणिज्य (प्रतिष्ठा / सामान्य) सत्र– 2022–25 में नामांकन हेतु प्रथम चयन सूची विश्वविद्यालय के बेवसाईट पर जारी कर दी गयी है। छात्रों द्वारा ऑनलाईन आवेदन में भरी गई महाविद्यालय वरीयता तथा प्रतिष्ठा से संबंधित अन्तर स्नातक विषय के अंक एवं राज्य सरकार के आरक्षण नियमावली रोस्टर के अनुसार चयन किया गया है। नामांकन के समय ही छात्र / छात्राओं से ***पंजीयन शुल्क एवं परीक्षा शुल्क*** महाविद्यालय द्वारा छात्र / छात्राओं से लिये जायेंगे। अनुरोध है कि ***दिनांक– 31.08.2022 से 08.09.2022 तक*** छात्र / छात्राओं का नामांकन आवंटित महाविद्यालय मे ही लिया जाय। नामांकन में निम्न बिन्दुओं पर विशेष रूप से ध्यान दिया जायः–

1. यह चयन सूची आवेदकों द्वारा आवेदन में भरे गये तथ्यों के आधार पर तैयार की गयी है। अतएव प्रधानाचार्य / प्रधानाचार्या आवेदकों द्वारा आवेदन प्रपत्र में भरे गये तथ्यों की जाँच कर एवं सभी प्रकार से सही पाये जाने की स्थिति में हीं नामांकन की अनुसंशा करेंगे।
2. छात्र / छात्रा अपना सेलेक्शन लेटर (Selection letter) एप्लिकेशन आई–डी (Application I.D) एवं जन्म तिथि (Date of Birth) / पासवर्ड (Password) के द्वारा लॉग–इन (login) कर अपना सेलेक्शन लेटर डाउनलोड कर सकते हैं।
3. नामांकन के समय ही छात्र / छात्रा पंजीयन शुल्क तथा परीक्षा शुल्क जमा करेंगे।
4. आरक्षण कोटि में कोई भी परिवर्तन महाविद्यालय या विश्वविद्यालय द्वारा नहीं किया जायेगा। यदि छात्र / छात्रा आरक्षरण कोटि के अधीन नामांकन हेतु आवेदन किये हैं तो ऐसे छात्र / छात्राओं के आरक्षण कोटि के प्रमाण–पत्रों की जाँच कर नामांकन लेंगे। छात्र / छात्राओं द्वारा इतर आरक्षण कोटि के प्रमाण–पत्र प्रस्तुत करने पर ऐसे छात्र / छात्राओं का नामांकन नहीं लेगे। अगर नामांकन लेते है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।

30/8/22 30/8/22

5. नामांकन आवेदन प्रपत्र में भरी गई सूचना जैसे प्रतिष्ठा विषय का अंक, कैटेगरी आदि का मिलान कर ही नामांकन सुनिश्चित करेगें। ***यदि किसी छात्र/छात्राओं ने आवेदन प्रपत्र में ज्यादा अंक भर कर आवेदन किया हो तो संबंधित महाविद्यालय के Cut-off Marks से ज्यादा होने पर ही महाविद्यालय द्वारा नामांकन लिया जायेगा। Cut-off से कम Marks होने पर महाविद्यालय किसी भी हालत में ऐसे छात्र/छात्राओं का नामांकन नहीं लेंगे, ऐसे छात्र/छात्राओं का चयन रद्द समझा जायेगा।***

6. प्रधानाचार्य/प्रधानाचार्या छात्रों का किसी भी परिस्थिति में ***कैटेगरी एवं प्रतिष्ठा*** विषय का परिवर्तन नहीं करेंगे।

7. ज्ञात हो कि विश्वविद्यालय विनियमन के अनुसार यदि किसी छात्र/छात्राओं को संबंधित विषय में 45 प्रतिशत से कम अंक है तो ऐसे छात्र प्रतिष्ठा विषय में नामांकन के पात्र नहीं होगे। यदि विज्ञान/वाणिज्य संकाय से उत्तीर्ण छात्र कला संकाय के प्रतिष्ठा विषय में नामांकन हेतु चयनित हुये हैं तो उन्हें अन्तर स्नातक में कुल प्राप्तांक का न्यूनतम 45 प्रतिशत अंक प्राप्त होना चाहिये एवं यदि विज्ञान संकाय से वाणिज्य संकाय के प्रतिष्ठा विषय में नामांकन हेतु अन्तर स्नातक के कुल प्राप्तांक का न्यूनतम 50 प्रतिशत अंक होना चाहिये।

   इस संबंध में उल्लेखनीय है कि जो छात्र/छात्रायें इन्टरमिडियट वाणिज्य संकाय से उत्तीर्ण हैं, ऐसे छात्रों का Account (Honours) प्रतिष्ठा में चयन हेतु मेघा अंक का निर्धारण इस प्रकार किया गया है:– समवर्गीय विषयों (Accountancy+BST+EPS or Economics) में प्राप्त अंको को जोड़कर उसके प्रतिशत के आधार पर अधिकतम प्राप्तांक को लिया गया है एवं तदनुसार इस अंक की प्रविष्टि छात्रों के चयन पत्र पर दर्शायी गयी है। अतः ऐसे छात्रों का नामांकन तदनुसार मिलान कर लिया जाय।

8. चूंकि पंजीयन प्रपत्र तथा परीक्षा प्रपत्र में माँगी जाने वाली सभी सूचना कॉमन अप्लीकेशन फॉर्म (CAF) में पहले से उपलब्ध है। अतः अलग से पुनः छात्र/छात्राओं से पंजीयन प्रपत्र/परीक्षा प्रपत्र भरवाने की आवश्यकता नहीं है।

9. आवेदन के आलोक में सभी महाविद्यालय छात्र/छात्राओं से पूर्व निर्धारित नामांकन शुल्क के साथ–साथ पंजीयन शुल्क तथा परीक्षा शुल्क ऑफलाईन/ऑनलाईन माध्यम से प्राप्त करेंगे तथा इसकी समेकित प्राप्ति रसीद निर्गत करेंगे।

10. विश्वविद्यालय द्वारा डैस–बोर्ड पर प्रत्येक छात्र/छात्राओं के सामने Admission Update के नीचे दो और Drop Down Box दिया गया है। जिसमे एक Accept Registration Fee तथा दूसरा Accept Examination Fee का Box है।



30/8/22

30/8/22

11. सभी महाविद्यालय Admission Update करते समय Dash Board पर Admission के साथ–साथ Accept Registration Fee तथा Accept Examination Fee बटन को भी Update करेंगे।

यदि कोई छात्र/छात्रा नामांकन समाप्त होने के 15 दिनों के भीतर अपना नामांकन निरस्त कराना चाहते हैं तो उन्हें 10 प्रतिशत Processing Fee काटते हुये सभी शुल्क (College Fee + Registration Fee + Examination Fee) वापस कर दिया जाय।

12. सभी महाविद्यालय नामांकन प्रक्रिया की अंतिम तिथि समाप्त होने के पन्द्रह दिनों के भीतर Registration Fee तथा परीक्षा शुल्क मद में ली गई राशि को परीक्षा विभाग के निम्नांकित खाता में RTGS के माध्यम से अन्तरित करेंगे तथा चालान की अभिप्रमाणित छाया–प्रति को अग्रसारण–पत्र के साथ अध्यक्ष, छात्र–कल्याण कार्यालय तथा परीक्षा विभाग कार्यालय में अलग–अलग जमा करेंगे। पंजीयन शुल्क मद में जमा राशि का अभिप्रमाणित चालान अध्यक्ष, छात्र–कल्याण कार्यालय में समर्पित किया जायेगा। जबकि परीक्षा शुल्क मद में जमा राशि का चालान परीक्षा नियंत्रक कार्यालय में जमा होगा। चालान की मूल–प्रति अंकेक्षण हेतु महाविद्यालय मे सुरक्षित रहेगी। Forwarding letter में संकायवार नामांकित छात्र/छात्राओं की संख्या/आरक्षण कोटिवार संख्या/प्राप्त राशि विश्वविद्यालय को अन्तरित राशि का विवरण रहेगा।

Registration Fee एवं Examination Fee विश्वविद्यालय के निम्नांकित खाता में संबंधित महाविद्यालय नामांकन समाप्त होने के 15 दिनों के अन्दर जमा करेंगे।

| | |
|---|---|
| Name of the Account | LNMU Examination Fund Account |
| Account No. (Current) | 0108032100000090 |
| Name of the Bank | PNB, LNMU Campus, Darbhanga |
| IFSC Code | PUNB 0622700 |

13. बिहार विद्यालय परीक्षा समिति से उत्तीर्ण छात्र/छात्राओं के लिये पंजीयन शुल्क मद में निर्धारित शुल्क Rs- 150/- रू0 है। शेष अन्य सभी राज्य स्तरीय बोर्ड/Central Board के लिये अलग से पूर्व निर्धारित पंजीयन शुल्क Rs- 230/- देय होगा। अन्य बोर्ड के छात्रों द्वारा आवेदन के साथ प्रबजन प्रमाण–पत्र (Migration Certificate) संलग्न रहना आवश्यक होगा। Migration Certificate नहीं निर्गत होने/नहीं प्राप्त होने की स्थिति में अधिकतम एक माह की छूट के लिये छात्र/छात्रा प्रधानाचार्य को सम्बोधित आवेदन संलग्न करेंगे।

30/8/22



30/8/22

14. नामांकन के समय विश्वविद्यालय द्वारा कॉमन अप्लीकेशन फॉर्म (CAF) में अंकित Honours विषय ही पंजीयन तथा परीक्षा हेतु मान्य होगा तथा इसमें कोई भी परिवर्तन स्वीकार नहीं होगा।

15. परीक्षा शुल्क की राशि अलग–अलग आरक्षण कोटि का अलग–अलग निर्धारित है। जिसकी विवरणी Annexure- 4 के रूप में संलग्न है।

16. Subsidiary (अनुषांगिक) विषय में एक बार विषय विकल्प बदलने का मौका छात्रों को दिया जायेगा। इस संबंध में सम्बन्धित छात्र/छात्रा प्रधानाचार्य को त्रृटि सुधार प्रपत्र भरकर देंगे। Dummy Registration Slip में सुधार हेतु निर्धारित समय समाप्त होने के बाद एतत् संबंधी किसी भी परिवर्तन पर विचार नहीं होगा। प्रधानाचार्य/प्रधानाचार्या छात्रों द्वारा ऑनलाईन आवेदन में भरी गयी Subsidiary (अनुषांगिक) विषय अगर आपके महाविद्यालय में संबंधित विषय की पढ़ाई नहीं होती है तो उन अनुषांगिक विषय को नामांकन के समय हीं छात्रों से आवेदन लेकर अनुषांगिक विषय परिवर्तित कर देंगे।

17. विश्वविद्यालय द्वारा नामांकन की अंतिम तिथि से 30 वें दिन Dummy Registration Slip Website पर जारी किया जायेगा। इसमें सुधार के लिये 10 दिन का समय दिया जायेगा। तत्पश्चात 5 दिन बाद Final Registration Slip जारी किया जायेगा। जिसे छात्र/छात्राऐं Download कर सकते हैं।

18. कॉमन अप्लीकेशन फॉर्म (CAF) भरते समय यदि छात्र/छात्रओं द्वारा स्वयं के नाम, माता का नाम/पिता का नाम या जन्म तिथि में कोई Minor Mistake होता है तो उसके सुधार के लिये भी एक मौका नामांकन के समय दिया जायेगा, इस हेतु अनुमोदित त्रुटि सुधार आवेदन–पत्र को भरकर संबंधित छात्र/छात्रा नामांकन के समय ही महाविद्यालय में समर्पित करेंगे। महाविद्यालय द्वारा त्रुटि को सुधार करते हुए डैस–बोर्ड पर अपडेट किया जायेगा, इस संबंध में कोई भी संशोधन Matriculation के Marks Sheet या Certificate के आधार पर ही सुधार किया जायेगा। इन परिविष्टियों में पूर्ण परिर्वतन किसी भी हालत में नहीं किया जायेगा।

19. Final Registration Certificate विश्वविद्यालय द्वारा जारी होने से पूर्व यदि कोई छात्र अपना नामांकन रद्द कराते हैं तो संबंधित प्रधानाचार्य अपने स्तर से उस नामांकन को Cancel करते हुए सभी मूल आलेख विद्यार्थियों को वापस करेंगे, लेकिन Registration Certificate निर्गत होने के बाद यदि कोई छात्र पढ़ाई छोड़ना चाहते हैं तो संबंधित प्रधानाचार्य Transfer Certificate निर्गत करते हुये, ऐसे छात्रों की एक समेकित सूची बनाकर परीक्षा नियंत्रक को समर्पित करेंगे। ताकि ऐसे छात्र/छात्राओं का Admit Card जारी न हो।



30/8/22

29/8/22

20. सभी महाविद्यालय तीनों अनुमोदित आवेदन–पत्र के प्रारूप को पर्याप्त संख्या में प्रिन्ट करायेंगे तथा छात्रों को अधिकतम 10/–रू0 प्रति पृष्ट लेकर सभी छात्र/छात्राओं को उपलब्ध करायेंगे।

21. छात्र/छात्राओं को अलग से नामांकन–फॉर्म वितरण करने की आवश्यकता नहीं है। सभी अंगीभूत तथा संबद्ध महाविद्यालय नामांकन फॉर्म तथा Prospectus आदि के लिये कोई शुल्क अलग से छात्रों से नहीं लेंगे।

22. प्रेषण शुल्क (Cost of Remittance) मद में विभिन्न महाविद्यालयों में ली जाने वाली राशि में एकरूपता नहीं है। अनुरोध है कि सभी महाविद्यालय अधिकतम 150/– रू0 की राशि इस मद में लेंगे। इस से ज्यादा की राशि कोई भी अंगीभूत या संबद्ध महाविद्यालय Cost of Remittance मद में छात्र/छात्राओं से नही लेंगे।

23. यदि किसी छात्र/छात्रा के माता एवं पिता दोनों की मृत्यु कोविड–19 महामारी के कारण हो गयी है, तो ऐसे छात्र/छात्राओं के पढ़ाई की जवाबदेही विश्वविद्यालय की होगी तथा ऐसे छात्र/छात्राओं से किसी भी प्रकार का कोई शुल्क (महाविद्यालय या विश्वविद्यालय) नही लगेगी। इस छूट को प्राप्त करने के लिये सक्षम प्राधिकार से प्रमाण–पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।

    B.Ed. एवं Self Finance Scheme के अन्तर्गत चलने वाले कोर्स में यह छूट लागू नहीं होगा।

24. स्नातक प्रथम खण्ड कला, विज्ञान एवं वाणिज्य सत्र– 2022–25 में नामांकित छात्र/छात्राओं का प्रेरण वर्ग (Induction Programme) दिनांक– 12.09.2022 से प्रारंभ किया जाना है।

25. नामांकित छात्र/छात्राओं का Update प्रतिदिन सायं विश्वविद्यालय द्वारा Provide किये गये Dash Board पर निश्चित रूप से कर दिया जाय।

26. परीक्षा संबंधी विनयमन के अनुसार छात्र/छात्राओं की 75 प्रतिशत उपस्थिति अनिवार्य है। अतः कम उपस्थिति वाले छात्र/छात्राओं की सूचनायें सभी प्रधानाचार्य ससमय परीक्षा नियंत्रक के दे देंगे।

27. नामांकन के समय छात्र के उपस्थित होने पर सर्वप्रथम महाविद्यालय द्वारा तीनों आवेदन–पत्र निर्गत किया जायेगा। छात्र/छात्रा कॉमन अप्लिकेशन फॉर्म (CAF), Selection Letter को स्व–अभिप्रमाणित तथा हस्ताक्षर कर तीनों आवेदन–पत्रों को संलग्न करेंगे तथा निम्नांकित अन्य कागजात को संलग्न कर काउन्टर पर नामांकन हेतु उपस्थित होंगे।

28. नामांकन के समय निम्नांकित कागजात छात्र/छात्राओं से लिए जाएँ:–

    **क)** एडमिसन सेलेक्शन लेटर।

    **ख)** कॉमन एप्लिकेशन फॉर्म (सी0 ऐ0 एफ0)



29/8/22

30/8/22

**ग)** महाविद्यालय / विद्यालय परित्याग प्रमाण–पत्र की मूल प्रति।
**घ)** प्रवेश पत्र की छाया–प्रति।
**ड़)** अंक–पत्र की छाया–प्रति।
**च)** पासपोर्ट साईज फोटो की दो प्रतियाँ।
**छ)** जाति प्रमाण–पत्र / आय प्रमाण–पत्र आदि जहाँ लागू हो।
**ज)** आधार कार्ड की छाया–प्रति। (यदि हो)
**झ)** प्रव्रजन प्रमाण–पत्र (Migration Certificate) की मूल प्रति जहाँ लागू हो।

उपरोक्त वर्णित कागजातों की जाँच करने के उपरान्त ही नामांकन लिया जाय।

*नोटः– महाविद्यालय नामांकित छात्र / छात्राओं का* ***Dash Board*** पर ***Updation*** *अधिकतम दिनांक– 12.09.2022 तक किया जाना सुनिश्चित करेंगे। जिन छात्रों के नामांकन को महाविद्यालय द्वारा* ***Dash Board*** *पर ऑनलाईन के माध्यम से दिनांक– 12.09.2022 तक* **Update** *नहीं किया जायेगा तो यह समझा जायेगा कि संबंधित छात्र नामांकन हेतु महाविद्यालयों में उपस्थित नहीं हुए। फलतः उन सीटों को रिक्त मानते हुए विश्वविद्यालय द्वारा द्वितीय सूची जारी किया जायेगा, जिसमें ऐसे छात्र / छात्राओं का नाम सम्मिलित नहीं किया जायेगा। भविष्य में इन सीटों का रिक्त रहने से जिन छात्र / छात्राओं को कठिनाई होगी, उसके लिये सम्बन्धित प्रधानाचार्य / प्रधानाचार्या उत्तरदायी माने जायेगे।* ***Update*** *करने में यदि किसी भी तरह की कठिनाई होती है तो अविलम्ब अधोहस्ताक्षरी कार्यालय से सम्पर्क करें।*

*अनुलग्नकः–*

*1. पंजीयन शुल्क स्वीकार करने का आवेदन–प्रपत्र।*
*2. परीक्षा शुल्क स्वीकार करने का आवेदन–प्रपत्र।*
*3. त्रुटि सुधार हेतु आवेदन–प्रपत्र।*
*4. परीक्षा शुल्क से संबंधित अधिसूचना।*

माननीय कुलपति महोदय के आदेश से।
विश्वासभाजन

30/8/22
अध्यक्ष, छात्र–कल्याण

30/8/22